तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 8 नवंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 खेत लाड़ी में खून से लथपथ मिला ग्रामीण का शव...





14 मुख्य सचिव ने वर्चुअल बैठक में जिले में चल रही...









**व्यवस्था : धान खरीदी से लेकर मिलिंग तक में रहेगी केंद्र सरकार की नजर**

# धान में 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी होने पर रिजेक्ट किया जाएगा धान

- लैंपस कर्मचारियों के हड़ताल में होने से अभी तक नहीं हो पाई खरीदी की तैयारी
- इलेक्ट्रानिक तराजू से करना होगा खरीदी, मैनुअल तराजू हुआ प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धान खरीदी में महज कुछ दिन शेष है, प्रदेश सरकार 14 नवंबर से धान खरीदी करने जा रही है। शासन ने तय किया है कि यदि 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी धान में मिलेगी, तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाएगा, वहीं इस बार धान खरीदी से मिलिंग तक इस बार केंद्र सरकार की नजर रहेगी। पहली बार ऐसी मानिटिरिंग केंद्र स्तर पर होने जा रही है। लैंपस कर्मचारी 3 माँगो को लेकर अनिश्चतकालीन हड़ताल में जाने के चलते अभी तक खरीदी की तैयारी खरीदों केंद्रो पर नहीं हो पाई है, जिसके चलते संबंधित विभाग के आला अफसरों की नींद उड़ी हुई है ।

धान खरीदी को लेकर सरकार ने 14 नवंबर की तिथि तय कर दिया है, वहीं संबंधित विभाग पूरी तैयारी में जुटे हुए है, वहीं लैंपस कर्मचारी अपनी तीन मांगों को लेकर अनिश्चतकालीन हड़ताल में चले गए है। जिससे लैंपस में ताले लटके हुए है और सप्ताह भर पहले जो तैयारी


▶▶| शेष पेज 12 पर




### वाहनों में लगाना होगा ट्रेकिंग डिवाइस

केंद्र सरकार ने धान खरीदी और चांवल परिवहन के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देश हैं कि सभी मिलर्स परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन वाले सभी वाहनों के लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस भी लगाना जरूरी कर दिया गया है। इसकी हर दिन मानिटरिंग केंद्र सरकार के अमले के द्वारा किया जाएगा। वाहनों में लोकेशन डिवाइस का कार्य 5 नवंबर से शुरू करने के निर्देश दिया जा चुका है।

### इस वजह से मॉनिटरिंग

सूत्रों के मुताबिक कस्टम मिलिंग पर भी केंद्र सरकार नजर रखने जा रही है, चूंकि समर्थन मूल्य केंद्र सरकार घोषित करती है और उसके आधार पर खरीदी होती है। ऐसे में धान खरीदी की मानिटरिंग इस बार केंद्र सरकार की तरफ से करने की तैयारी की जा रही है। इसकी एक बड़ा कारण नियमित मानिटरिंग नहीं किए जाने से धान खरीदी और मिलिंग में होने वाली गड़बड़िया है।

### भौतिक सत्यापन इस बार ऐसे होगा

जानकारों की मानें तो धान खरीदी के बाद इस बार कड़े नियम में राज्य और एफसीआई के अधिकारियों को संयुक्त रूप से खरीदी केंद्र और राईस मिल का भौतिक सत्यापन करेंगे। मिल में भौतिक सत्यापन के लिए एसओपी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेंजर तैयार करना है। इसमें चेक लिस्ट और वीडियोग्राफी भी जरूरी कर दिया गया है। इसके अलावा राईस मिल के मालिकों द्वारा हर महीने जमा कुल सीएमआर की एंट्री करनी होगी। इसकी डाटा एपीआई के माध्यम से सीएफपीपी यानी सेंट्रल फूड प्रिक्योरमेंट पोर्टल में उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

### इलेक्ट्रानिक तराजू से करना होगा खरीदी

सरकार ने इस बार निर्णय लिया है कि इलेक्ट्रानिक तराजू से खरीदी करना होगा, मैनुअल तराजू से खरीदी नहीं किया जाना है। लैंपस कर्मचारी इलेक्ट्रानिक तराजू होने के बावजूद मैनुयल से खरीदी करते है, जाँच अधिकारी भी अपनी आँखों में पट्टी बाँध लेता है, जिसके चलते यह खेल अंदरूनी ईलाकों में कुछ ज्यादा होता रहता है।

# छठ महापर्व के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

**8 नवंबर को उगते हुए सूर्य को देंगी अर्घ्य, तब करेंगी पारण**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोक आस्था का महापर्व छठ मनाया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले छठ त्योहार का गुरूवार 7 नंवबर को तीसरा दिन था। तीसरे दिन व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। 08 नवंबर को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा। भगवान सूर्य जिन्हे प्रत्यक्ष देवता और पंचदेवों में एक हैं उन्हें आमतौर पर जब सुबह वे उगते हैं तो जल चढ़ाने की परंपरा है, लेकिन छठ ऐसा पर्व है जिसमें डूबते हुए सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। हिंदू धर्म में छठ पूजा


▶▶| शेष पेज 12 पर


### छठ पर्व संध्या अर्घ्य पूजा विधि

छठ पर्व के तीसरे दिन शाम को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने वाली व्रती महिलाओं ने बताया कि इस दौरान व्रत रखने वाला व्यक्ति सुबह से बिना-कुछ खाए-पिए यानी निराहार और निर्जला रहते हुए सूर्य देव व छठी माईया की पूजा करता है। इस दिन प्रसाद के रूप में ठेकुआ समेत अन्य पूजा सामग्री को अर्पित किया जाता है। पूजा के तीसरे दिन सूर्य देव को अर्घ्य और छठी माता की पूजा के बाद रातभर उपवास रखते हुए, आखिरी दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरा होता है। छठ पर्व के तीसरे दिन का विशेष महत्व होता है, जिसमें व्रती महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों के साथ सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं।

### चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य

छठ महापर्व चार दिनों का त्योहार होता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से नहाय-खाय के साथ छठ पर्व का शुभारंभ होता है और कार्तिक माह की सप्तमी तिथि पर छठ महापर्व का समापन होता है। सप्तमी तिथि पर सुबह उगते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य देकर व्रत का पारण होता है। 08 नवंबर को उषा अर्घ्य का समय सुबह 06 बजकर 38 मिनट पर होगा। इस दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होता है।




## खबर संक्षेप

### सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती कल पटौद में मनाएंगे

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम पटौद में कलार समाज द्वारा ईष्ट देव सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती 9 नवंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 10 बजें समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता संभागीय सलहाकार चरण सिंहा और विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, कृषि सभापति ईश्वर कावड़े, जनपद सदस्य कुमार मरकाम, ग्राम पटेल दिलीप साहू, सरपंच पूनम सलाम, बरतनीन बाई, ऋषि साहू, राकेश नायक, माधव राम कुलदीप रहेंगे। रात्रि में धमतरी मथुराडीह का नव बहना जस झांकी का कार्यक्रम भी होगा।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत हाटकोंगेरा निवासी 52 वर्षीय चंद्रिका देवांगन ने अपने घर में फांसी लगाकर 6 नवंबर को दोपहर 1 बजे आत्महत्या कर लिया। मृतिका द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचनाम लिया है।

### बस्तर के डॉ. राजाराम त्रिपाठी बने बोर्ड सदस्य

**कोण्डागांव।** छठ पूजा विशेष कृषि देश की प्रतिष्ठित संस्था भारतीय कृषि एवं खाद्य चौंबर ने अपने केंद्रीय बोर्ड का पुनर्गठन कर कई अनुभवी और प्रगतिशील व्यक्तित्वों को शामिल किया है। रेलवे, ऊर्जा और वाणिज्य जैसे विभिन्न क्षेत्रें में केंद्रीय मंत्री रह चुके सुरेश प्रभु को नवगठित 21 सदस्यीय बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस पुनर्गठन के साथ, कृषि विशेषज्ञों, अकादमिक जगत के दिग्गजों और प्रगतिशील किसानों का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व देखने को मिला है। बोर्ड में अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को भी शामिल किया गया है।

### पुरेना में मड़ई मेला का आयोजन 8 को

**अंवरी।** ग्राम पुरेना स्थित मां अंगारमोती मंदिर परिसर में मड़ाई मेला का आयोजन 8 नवंबर को किया जा रहा है। सरपंच मनोज टंडन ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर संगवारी लोक कला मंच का आयोजन रखा गया है। इसी तरह जोरातराई (अं) के सरपंच खिलावन पाल ने बताया कि जोरातराई में भी स्कूल चौक रंगमंच पर बुजुर्गों का सम्मान समारोह रखा गया है।

---

**प्रस्तुतिकरण : योजना के तहत बालिकाओं को नि:शुल्क दी जा रही है साइकिल**

# राज्योत्सव में लकड़ी से बने मॉडल साइकिल ने बटोरी खूब वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




इस बार राज्य उत्सव में शिक्षा विभाग का स्टाल सबका ध्यान आकर्षित कर गया, जहां पर महात्मा गांधी वार्ड स्थित आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य दिनेश शुक्ला द्वारा लकड़ी से बनाए गए मॉडल साइकिल ने सबका मन मोह लिया। इस मॉडल के माध्यम से राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना को अनूठे ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा।

खास बात यह रही कि इस मॉडल में एक छात्र को साइकिल पर स्कूल बैग लेकर स्कूल जाते हुए दिखाया गया। जो बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को उजागर करता है। प्रेरणा का स्त्रोत बना मॉडल प्राचार्य दिनेश शुक्ला का मानना है कि शिक्षा विभाग से मिले निर्देशों के अनुरूप उन्होंने गांव से आने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। इस मॉडल का उद्देश्य सिर्फ आकर्षण तक सीमित नहीं, बल्कि इसके माध्यम से छात्राओं और उनके माता–पिता को शासन की ओर से दी जाने वाली निःशुल्क साइकिल योजना के लाभों को समझाना था। श्री शुक्ला ने कहा, राज्य सरकार द्वारा सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल दी जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि अधिक से अधिक छात्राएं शहर में आकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। मेरे मन में विचार आया कि क्यों न इस योजना का एक लकड़ी का मॉडल बनाया जाए ताकि गांव की बालिकाएं और उनके माता–पिता इससे प्रेरणा लेकर पढ़ाई के लिए शहर आने का मन बना सकें।

#### लकड़ी मॉडल तैयार करने में लगे पखवाड़े भर

प्राचार्य शुक्ला ने इस मॉडल को तैयार करने में एक बढ़ई के साथ मिलकर पखवाड़े भर मेहनत की। उनके अनुसार इस मॉडल को बनाने में उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन उनका उद्देश्य इतना मजबूत था कि उन्होंने इसे बखूबी पूरा कर दिखाया। उत्सव में जो भी व्यक्ति शिक्षा विभाग के स्टाल पर आता था। वह इस मॉडल को देखे बिना आगे नहीं बढ़ पाता था। हर किसी ने इस अभिनव प्रयास की भरपूर सराहना की।

#### प्रेरणा का स्रोत बनेगी मॉडल साइकिल

राज्य उत्सव में लकड़ी से बनी इस साइकिल मॉडल के माध्यम से न केवल बालिकाओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, बल्कि उनके माता–पिता को भी यह दिखाया गया कि शिक्षा के लिए सरकार किस तरह से प्रयासरत है। प्राचार्य शुक्ला का यह प्रयास समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। प्राचार्य शुक्ला ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरे द्वारा बनाए गए इस मॉडल को लोग पसंद कर रहे हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि लोग इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं।

# राज्योत्सव समारोह में आओ संगी लखपति बनबो गीत का शुभारंभ




**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय राज्योत्सव–2024 कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के द्वारा लखपति दीदी पहल के तहत आजीविका गतिविधि का संचालन एवं उत्पादन कार्य को स्टॉल में प्रदर्शित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा स्व सहायता समूह सदस्यों द्वारा लखपति दीदी पहल के तहत लखपति दीदी बनने प्रेरित करने के लिए आओ संगी लखपति बनबो गीत का शुभारंभ किया गया।

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के विनय सिंह, जिला मिशन प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक–एफ.एम., एफ.आई. एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

---

# विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आज मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ। स्थानीय विकासनगर स्टेडियम में प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रदर्शन मैच में पहुंचकर मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उसेण्डी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में विधायक सुश्री उसेण्डी ने सभी प्रतिभागियों को बस्तर ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल ऐसा माध्यम जो हमारे तन–मन को स्वस्थ रखता है और स्वस्थ रहेंगे तभी हम आगे बढ़ने के सभी अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ कर जिले के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतियोगिता का यह पहला पड़ाव है। उन्होंने खुशी है कि जिले के कई युवा पुलिस, फारेस्ट और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। इन सबकी तैयारियों के साथ युवाओं को मजबूत बनाने का माध्यम खेल है। उन्होंने कहा कि जिले के कई युवा खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों के खेल प्रतिभा के कारण कोण्डागांव को नई पहचान मिलेगी।

> ■ विधायक सुश्री उसेण्डी ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

#### बस्तर ओलम्पिक 2024 विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता 15 तक

*कोण्डागांव। बस्तर ओलम्पिक 2024 अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के लिए खेल विभाग द्वारा तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिला खेल अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 नवम्बर 2024 को बैडमिंटन खेल, विकासनगर इंडोर स्टेडियम तथा बडेकनेरा रोड स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा नगर पालिका टाउन हॉल कोण्डागांव में कराते और खेलो इंडिया सेंटर कोण्डागांव में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 9 नवम्बर को वॉलीबॉल के मुकाबले का आयोजन बडेकनेरा रोड स्थित वॉलीबॉल कोर्ट तथा बालक छात्रवास में होंगे। वहीं फुटबॉल एवं रस्साकसी के खेल प्रतियोगिता विकासनगर स्टेडियम में होंगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 11 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम में तथा 12 नवम्बर को डी.एन.के. मैदान में आयोजित की जाएगी। 13 नवम्बर को खो–खो प्रतियोगिता विकासनगर स्टेडियम और बालक हास्टल मैदान में एवं कबड्डी मुकाबले 14 नवम्बर को बडेकनेरा रोड के कबड्डी मैदान और 15 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन होंगे।*

#### युवा प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें : मातलाम

जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप जिले के युवा प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें। दीपेश अरोरा ने कहा कि खेल हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि सभी अपने खेल प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास के अंतर्गत बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

#### प्रतियोगिता तीन चरण में होगी संपन्न

यह प्रतियोगिता तीन चरण में संपन्न होगा और आज प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना के साथ खेलते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उसेण्डी एवं अन्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को जर्सी प्रदाय किया गया। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए शपथ भी दिलाई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष्य जसकेतु उसेण्डी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर तथा गणमान्य नगरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हुए लोगों को किया गया रिफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव थाना क्षेत्र के अमोड़ीपारा के पास गुरुवार की शाम करीब 5 बजे सड़क हादसे में एक युवक और दो युवती गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों द्वारा उपचार के लिए ततकाल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। तीनों को गम्भीर चोट आने के चलते रिफर किया गया है।

जानकारी अनुसार कोसाहरदुली निवासी गंगा मरकाम पिता सूबे मरकाम, राधिका मरकाम पिता बूटी मरकाम यह दोनों एक युवक के साथ बाइक में सवार होकर फरसगांव में कपड़ा और मोबाइल खरीदने आये थे, जो खरीदी कर वापस शाम को घर जा रहे थे, जो रांधना अमोडीपारा के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा तीनों को निजी वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाया गया। तीनों को गम्भीर चोट आई है।

#### आई गंभीर चोटें

*युवक का एक पैर टूट गया है जो बेहोश है। वहीं राधिका मरकाम का भी एक पैर टूट गया है, गंगा के सर में गम्भीर चोट आई है। घायलों को नहीं पता कि सड़क हादसा कैसे हुआ है। घायल युवतियों को घायल बाइक चालक युवक का नाम नहीं मालूम है। बस इतना पता है कि वह कांटागांव बुडरा गांव का है। तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया।*

---

# अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा का हुआ आगाज



जगदलपुर। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा का आगाज गुरूवार को हुआ। पहले मुकाबले में ओडिशा की एससी कोटपाड़ ने डीएफए कोण्डागांव को 2 के मुकाबले 3 गोल से पराजित किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक कोण्डागांव सुश्री लता उसेण्डी रही जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्तर सांसद महेश कश्यप ने की। स्पर्धा का पहला मुकाबला एससी कोटपाड़ विरूध डीएफए कोण्डागांव के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मध्यांतर तक दोनों टीमें स्पर्धा में बढ़त के लिए प्रयास करती रही। निर्धारित समय तक डीएफए कोण्डागांव ने 2 गोल किए इसके मुकाबले एससी कोटपाड़ ने 3 गोल दागकर मैच अपने नाम करने में सफल रही। इस मुकाबले के मुख्य निर्णायक संतोष के अलावा सी प्रफुल्ल, दीपक डहरिया व रायसिंग रहे। स्पर्धा में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले जाएगे। पहला मुकाबला डीएफए दंतेवाड़ा विरूध आरकेएम नारायणपुर व दूसरा मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध वार हाक्स नरहरपुर के मध्य खेला जाएगा। मैच के दौरान मुख्य अतिथि लता उसेंडी व अध्यक्षता कर रहे सांसद महेश कश्यप के अलावा विशिष्ट अतिथि महापौर सफिरा साहू, संजय पाण्डे व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। 11 दिवसीय स्पर्धा का फायनल मुकाबला 17 नवंबर को खेला जाएगा। इस ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता में तेलगांना, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों के 18 टीमें भाग लेंगी। जगदलपुर में लगभग 9 वर्षो के बाद यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसको लेकर खेलप्रेमियों मे खासा उत्साह है। लोगों ने बताया फुटबाल के इस महाकुंभ मे राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का भी जमावड़ा होगा। खेल प्रेमियों को बेहतरीन खेल देखने को मिलेंगे। स्पर्धा में विजेता टीम को एक लाख एवं उपविजेता को 75 हजार रुपए नकद के अलावा ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।

# सरकार सहकारी समिति कर्मचारियों को सूखत से दे राहत, नहीं तो धान खरीदी बंद करेंगे : मनबहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




सहकारी समिति कर्मचारी संघ लंबे समय से धान की सूखत राशि कर्मचारियों से भरपाई नहीं करने की लड़ाई लड़ रही है। 15 नवम्बर धान खरीदी के पहले प्रशासन सुखत राशि से राहत नही देगी तो बाध्य होकर हमे धान खरीदी कार्य बंद करना पड़ेगा। हम नहीं चाहते कि धान खरीदी के दौरान किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़े। लेकिन प्रशासन सुखत राशि की भरपाई कर हमें आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। धान विक्रय में जो कमीशन मिलता है उस राशि को सूखत के नाम से हम कर्मचारियों से भरपाई कर प्रशासन हमारे साथ अन्याय कर रही है। यह बातें सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मनबहाल महावीर ने पत्रवार्ता में कही।

उन्होंने कहा आज इतने वर्षों में सहकारी समितियों के कर्मचारियो को किसी भी सरकार से राहत नहीं मिली। आज भी धान सुखत राशि की भरपाई प्रशासन सहकारी कर्मचारियों से कर रही है। जिसके चलते कर्मचारियों को धान बेचने के एवज में मिलने वाली ढाई से तीन लाख रुपये कमीशन राशि से सुखत के रूप में चुकाना पड़ता है। ऐसे में परिवार के भरण-पोषण करने की समस्या उत्तपन्न हो रही है। सम्भागीय अध्यक्ष ने कहा हर वर्ष धान खरीदी के दौरान सहकारी कर्मचारियों को धान सूखत की भरपाई प्रशासन द्वारा किया जाता है। जबकि 2018 में विष्णुदेव साय भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहते हमारे आंदोलन में सम्मलित होकर वादा किया था प्रदेश में हमारी सरकार सत्ता में आते ही सहकारी समिति कर्मचारियों को धान खरीदी में सूखत में राहत दी जाएगी। हम प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव को उनके किये वादा को याद दिलाते मांग कर रहे है कि अब वे सरकार में है,अपने किये वायदा को पूरा कर हमे राहत दे।

#### खाद वितरण कार्य प्रभावित

जिलाध्यक्ष उत्तम सेठिया ने बताया संघ अपने तीन सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया। बाध्य होकर हमे अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाना पड़ा। इस बार भी यदि हमारी जायज मांग अनसुनी की गई तो आर-पार की लड़ाई के लिए हम बाध्य होंगे।

#### मप्र सरकार की तर्ज पर मिले वेतनमान

संभागीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, कोषाध्यक्ष रुपनाथ पाणीग्राही, रेणुका पाल ने सहकारी समिति कर्मचारी संघ की तीन सूत्रीय मांग का जिक्र करते कहा कि मप्र सरकार की तर्ज पर छग सरकार भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाएं लाभ देने के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान राशि देने अविलंब आदेशित की जाए। सेवानियम 2018 की आंशिक संसोधन करते हुए पुनरक्षित वेतनमान लागू की जाए। समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिदान पश्चात हुई सम्पूर्ण सुखत मान्य करते हुए आगामी वर्षों के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सूखत अन्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तित करते सुरक्षा व्यय एवं कमीशन,खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा आदि को 4 गुणा बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षति पूर्ति दी जाय।

---

## पेज 11 के शेष...

### धान में 17 प्रतिशत...

होनी चाहिए, वो तैयारी होते हुए नहीं दिख रही है। जिले में इस बार 5 लाख 44 हजार 224 मैट्रिक टन धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए 27000 मानक बोरा की आवश्यकता पड़ेगी। जिला विपणन को नए 13000 और पुराने 14000 बारदाना एकत्र करने का निर्देश हुआ है, उसी के तहत अभी तक विभाग के पास 15000 मानक बोरा मिल चुका है, जिसमें 8600 नए और शेष पुराने बारदाना है। लैंपस में ताला लटके होने के कारण अभी तक बारदाना पहुंचाने व अन्य व्यवस्थाएं जो होनी चाहिए, वो अभी तक नहीं हो पाई है।

### छठ महापर्व के...

का विशेष महत्व है। हर वर्ष छठ महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक छठ का पर्व चलता है। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय खाय, दूसरे खरना, तीसरे दिन सूर्यास्त के समय सूर्यदेव को अर्घ्य और छठी माता की पूजा करने के बाद आखिरी दिन सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होता है। इन चार दिनों के महापर्व में छठ के तीसरे दिन को सबसे खास माना जाता है। छठ का त्योहार सभी कठोर व्रतों में एक माना जाता है। इसमें माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छी सेहत, सुख-समृद्धि के लिए व्रत के कठोर नियमों का पालन करते हुए व्रत रखती हैं और विधि-विधान के साथ छठी माता और सूर्यदेव की पूजा व अर्घ्य देती हैं। छठ का तीसरे दिन व्रती महिलाएं अपने परिवार वालों के साथ एकत्रित होकर डढ़िया तालाब और कंकालिनपारा तालाब में सूर्यास्त के समय पानी में उतरकर सूर्यदेव का अर्घ्य देकर भगवान सूर्य और छठी माई की सुख-समृद्धि की कामना किया।

# पीएमजीएसवाय के ठेकेदार ने पेटी कांट्रेक्टर का रोका भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





जिले में पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार के कारनामें के चलते एक महिला पेटी ठेकेदार ने लेनदेन को लेकर सीएम से लिखित रूप से शिकायत की है। इधर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के ठेकेदार अधिकारियो को सीएम के दामाद का मित्र बता कर धौंस दिखा रहे हैं। वहीं ठेकेदार के कार्यो को करवाने के बावजूद पेटी ठेकेदार को भुगतान के लिए विभाग का चक्कर काटने को मजबूर है।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के ठेकेदार अंकित गुप्ता ने जिले में सड़क, पुल, पुलिया, निर्माण कार्यों का अनुबंध स्थानीय महिला पेटी ठेकेदार से कर रखा है। काम कर भुगतान की राशि के लिए पेटी ठेकेदार आज भी भटक रही है। स्थानीय महिला पेटी ठेकेदार नीता शाह ने बताया है कि 4 अक्टूबर को सीएम प्रवास के दौरान पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार अंकित गुप्ता पर लेनदेन को लेकर सीएम से शिकायत की गई है ।उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार अंकित गुप्ता से अनुबंध कर जिले में सडक पुल - पुलिया का निर्माण करवाया गया। लेकिन ठेकेदार अंकित गुप्ता के द्वारा कार्यो का भुगतान आज तक नही किया गया है। नीता शाह ने आगे बताया कि ठेकेदार अंकित गुप्ता सीएम के दामाद का मित्र बताकर विभाग के अधिकारियों को धौंस दिखाते हुए गुमराह करने काम कर रहे है।

# पोटगांव में दो दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता 10 से



**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम पंचायत पोटगांव में दो दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 10 और 11 नवंबर को किया जाएगा। इस आयोजन में खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8000, द्वितीय पुरस्कार 5000 और तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए है। वहीं वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय पुरस्कार 7000 और तृतीय पुरस्कार 4000 रुपए रखा गया है। इस आयोजन में बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर और वॉलीबॉल में बेस्ट शूटर, बेस्ट सर्विसर, बेस्ट ब्लॉकर के लिए भी 301 रुपए के विशेष पुरस्कार रखे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कौशल परीक्षा एवं वॉक-इन- इंटरव्यू 14 को

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला स्तर पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र में विभिन्न पदों के पूर्ति हेतु जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमवाय, मल्टी टास्क स्टाफ रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। इस संबंध में पात्र आवेदकों से कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा में दिनांक 28 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत दावा-आपत्ति का निराकरण कर कौशल परीक्षा एवं वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची जारी की जा रही है। इस संबंध में 14 नवंबर को कौशल परीक्षा एवं वॉक- इन- इंटरव्यू का आयोजन किया जाना हैं।

### जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत गोल्लागुडा हर-घर जल घोषित

**बीजापुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 60 कि.मी. दूरी पर ग्राम गोल्लागुडा स्थित है, यह ग्राम भोपालपटनम से 5 किलोमीटर दूरी पर लगा हुआ है। ग्राम गोल्लागुडा में 305 परिवार निवासरत है, ग्राम में 31 हैण्डपंप स्थापित है और इन्हीं हैण्डपंपों के माध्यम से इन ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा प्राप्त होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से ग्राम में निवासरत 262 परिवारों को घर पर ही शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम गोल्लागुडा को ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच रमेश पामभोई एवं सचिव पोडे सुधाकर और ग्रामवासी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता डीआर बंजारे के साथ जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू के उपस्थिति में हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

### प्लबिंग एवं सेनेटरी वर्क्स प्रशिक्षण आज

**दंतेवाड़ा।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले की शिक्षित, बेरोजगार तथा ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा आत्मनिर्भर बनाने हेतु 30 दिवसीय निशुल्क प्लंबिंग एवं सेनेटरी वर्कर (नल पाइप फिटिंग) का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिसमे निःशुल्क भोजन, आवास की सुविधा, निःशुल्क प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण सामग्री सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस संबंध में 8 नवंबर से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाना है।

### फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी प्रशिक्षण 11 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा 11 नवम्बर से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि पूरी तरह से आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। आवेदकों को राशनकार्ड, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 4 पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ कम्पोजित भवन के पीछे बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में उपस्थित होने कहा गया है।

## निधन

### ललिता तिवारी

**जगदलपुर।** शहर के नयामुंडा निवासी श्रीमती ललिता तिवारी धर्मपत्नी अखिलेश तिवारी का ईलाज के दौरान रायपुर में निधन हो गया। वह मनोज तिवारी एवं दिलीप तिवारी की भाभी एवं अरुणेश और विपिन तिवारी की माता थी। उनका अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके निवास स्थान से निकली। इस दौरान समाज के लोग और नागरिक शामिल हुए।



## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ राज्य स्थापना दिवस का हुआ समापन

# राज्य स्थापना से बस्तर में विकास के नये दौर की शुरुआत : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मेढ़का डोबरा स्थल में आयोजित राज्य स्थापना दिवस का समापन समारोह विगत रात्रि आयोजित किया गया था। सांसद महेश कश्यप ने मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित जनों से संबोधित करते हुए कहा कि 1 नवंबर सन 2000 में

■ उत्कृष्ट कार्य निर्वहन करने वाले 22 कर्मचारी हुए पुरस्कृत





छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण के बाद ही बस्तर में विकास का नया दौर षुरू हुआ है। और इसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई का महत्वपूर्ण योगदान है तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल में दन्तेवाड़ा जैसे क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास किया गया। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्र में पक्की सड़कें, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में नयी इबारत लिखी गई।

उन्होंने कहा कि आज अभिनव प्रयोगों के चलते दंतेवाड़ा आदर्श जिला बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में जो प्रयोग हुए हैं उनकी सराहना प्रधानमंत्री ने भी की है। लड़कियों की शिक्षा की दिशा में जिले में उल्लेखनीय पहल भी हुई है। प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में तैयारी कराने के लिए प्रशासन द्वारा दिशा, एजुकेशन हब, छूलो आसमान, जैसे संस्थाओं के माध्यम से आज स्थानीय विद्यार्थी सफलता की नयी शिखर को छू रहे हैं। कुल मिलाकर जो शिक्षा के क्षेत्र में जो पहल की जा रही है उससे वो दिन दूर नहीं, जब जिले के अधिक से अधिक बच्चे आईएएस, आईपीएस जैसे बड़े पद प्राप्त कर पाएंगे। पूर्व वर्षो की स्थिति एवं वर्तमान स्थिति की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो अथवा स्वच्छ भारत मिशन, या धान खरीदी या फिर महतारी वंदन योजना हर योजनाओं को प्राथमिकता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है जिसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहे है। उन्होंने जिले में जैविक कृषि कार्यो की भी प्रशंसा की।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यहां विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए है अतः आमजन विभागों द्वारा योजनाओं के संबंध में दी जा रही जानकारी लेवें और पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ ले सकते हैं इसके अलावा विभिन्न स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पाद भी स्टॉलों में उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार आम नागरिक उसे अवश्य खरीदें। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा समस्त विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

राज्य स्थापना दिवस पर जिले के निवासी छात्र ओमजी चौधरी के नेशनल डिफेंस एकेडमी में चयन होने पर मुख्य अतिथि द्वारा 50 हजार रुपये का चेक एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों में कार्यरत 22 अधिकारी, कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य निर्वहन करने के लिए सम्मानित हुए। साथ ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम योजना के तहत सरिता नाग, असली कश्यप, सुको तेलाम, रेखा भास्कर को योजना के तहत कुल राशि 5 लाख 60 हजार रुपये का चेक प्रदाय किया गया। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को 46 विभिन्न प्रकार के उपकरण दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय आदर्श विद्यालय प्रथम, सेजेस दन्तेवाड़ा द्वितीय, तथा कन्या परिसर पातररास को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा स्टॉलों में प्रथम स्थान स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग को दूसरा, तथा आदिवासी विकास विभाग को तीसरा स्थान दिया गया।

# कमिश्नर और कलेक्टर ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यू ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह और कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को बस्तर जिले के बकावंड विकासखण्ड मुख्यालय पहुंचकर हाईस्कूल मैदान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलम्पिक आयोजन की व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर और कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बॉलीबॉल खेलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। वहीं बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग के कब्बड्डी, 200 मीटर दौड़ और खो-खो स्पर्धा की शुरुआत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कमिश्नर और कलेक्टर ने व्हालीबॉल खेलकर खिलाड़यों को प्रोत्साहित किया।

■ बकावंड ब्लॉक के बस्तर ओलम्पिक आयोजन की व्यवस्था का लिया जायजा

कमिश्नर और कलेक्टर ने बकावंड में ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के तहत करपावंड एवं करीतगांव जोन के मध्य विभिन्न विधाओं के स्पर्धाओं का अवलोकन किया। इस दौरान बालिका वर्ग के कब्बड्डी स्पर्धा के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस करवाकर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं 200 मीटर दौड़ तथा खो-खो स्पर्धा शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही बालक सीनियर वर्ग व्हालीबॉल मैच का अवलोकन कर युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान कमिश्नर और कलेक्टर ने सेल्फी जोन में सेल्फी खिंचवाई। अफसरों ने विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें आगामी प्रतियोगिता में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। अपने प्रवास के दौरान बस्तर ओलम्पिक में शामिल होने आए खिलाड़ियों के लिए विभिन्न व्यवस्था का जायजा लेते हुए दोपहर का भोजन भी परोसा। वहीं खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण नाश्ता एवं भोजन की सुलभता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, जिला खेल अधिकारी राजेन्द्र डेकाटे, तहसीलदार नीतिश वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत मण्डावी और अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

# जोन स्तरीय प्रतियोगिता का चिंगपाल में हुआ आगाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

जनपद पंचायत के चिंगपाल ग्राम पंचायत मे गुरुवार को बस्तर ओलंपिक जोन स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद रहे। पहले दिन डीलमिली जोन के 12 पंचायतो के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे कब्बडी, व्हॉलीबॉल, 100 मीटर 200 मीटर, बेडमिंटन फुटबाल आदि खेल शामिल थे, पहले ही दिन खिलाड़ियों में खेल के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया, जिससे रोचक मुकाबला देखने को मिला।

चिंगपाल हायर सेकंडरी स्कुल में सुबह से शाम तक खेल मय वातावरण रहा, पेसेवर खिलाड़ियों के साथ-साथ राजनितिक कृस्ट भूमि वाले खिलाड़ियों ने भी अपना जौहर दिखाया, विशेष कर बेंडमिंटन के खेल मे सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे है। ये पहला अवसर है की ग्रामीण क्षेत्रों मे बेडमिंटन का प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, वंही तीरंदाजी ग्रामीणों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिसमे स्थानीय लोंग रूचि दिखा रहे है। वहीं जूनियर वर्ग के खेलो मे स्कूली छात्र छात्राएं फुटबाल व्हालीबाल दौड़, कब्बडी जैसे खेलो मे उत्साह से भाग ले रहे है। जोन स्तरीय प्रतियोगिता 10 नवंबर तक चलेंगे, जबकि खंड स्तरीय प्रतियोगिता 11-12 नवंबर को सम्पन्न होगा। उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सीतानाग, जनपद अध्यक्ष ए जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंत राम कश्यप, भाजपा नेता रामाश्रेय सिंह, योगेंद्र पांडे, पीडी हरीश, फूलसिंह सेठिया, संतोष बघेल, मुन्नू सिंह,धर्मेन्द्र सिंह, दुर्जन, देवी,एवं मुख्यकार्य पालन अधिकारी केशरी लाल फाफा, खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, मंडल सयोंजक महेन्द्र बघेल, राजेश गुप्ता, बुधराम कश्यप आदि ने खेलों का आनंद उठाया।

# विधायक गोयल ने किया बस्तर ओलम्पिक खेल का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत जोन स्तरीय लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के उसरीबेड़ा खेल मैदान में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने कहा खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का संदेश दिया। बच्चों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उत्साह से भाग लिया। बस्तर ओलम्पिक खेलों के लिए लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के 5,000 खिलाड़ियों ने अपना ऑनलाइन पंजीयन दर्ज कराया है, यह खेल आयोजन 5 दिन तक चलेगा। 11 नवंबर को समापन होगा। आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना और क्षेत्र के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। ग्रामवासियों ने खेलों में अपनी सहभागिता दिखाई। क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस खेलों से ग्रामीण काफी उत्साहित हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पदमा कश्यप, मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, रैतु बघेल, बसंत कश्यप, मंगतू कश्यप, भरत कश्यप, बाबूल नाग सहित भाजपा मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# शिक्षा प्रभारी ने शिक्षकों को परख परीक्षा के लिए किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना जिसमें बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जाना है इसके अंतर्गत बस्तर में 4 दिसंबर को परख योजना के तहत स्कूलों में मूल्यांकन आयोजित किया जाएगा। परख योजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 11 सितंबर को किया गया है जिसमें बच्चों में परफॉरमेंस ,असेसमेंट रिव्यु एंड एनालिसिस किया जाना है। जिसकी तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर समग्र शिक्षा प्रभारी बस्तर अखिलेश मिश्रा ने जिला नोडल परख प्रभारी शिव सिंह चंदेल और विकासखंड बकावंड में परख नोडल प्रभारी रियाज अली की नियुक्ति की है जिनके द्वारा संकुल स्तरीय शिक्षकों को परख परीक्षा की तैयारी हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने शिक्षकों को परख परीक्षा के लिए विशेष मार्गदर्शन और उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा बस्तर जिले का प्रदर्शन अच्छा रहे इसके लिए सभी शिक्षक विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देकर तैयारी करायें। इस अवसर पर मुली, मोहलाई 2, बोरपदर के संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# ऊबड़खाबड़ मैदान में ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल





गुरुवार को बस्तर जिले के तोकापाल विकासखण्ड मुख्यालय में हाईस्कूल मैदान में ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलम्पिक अव्यवस्था तथा खराब मैदान में शुरू हो गया है, जहां मैदान ऊबड़खाबड़ और कांच के टुकड़ों से भरा ग्राउंड है। दो दिवसीय खेल में 13 ग्राम पंचायत के युवा, युवती खेल में भाग लेंगे। तोकापाल विकासखंड में कुल 4 जोन बनाया गया है, घाट धनोरा, बड़े मोरठपाल, तोकापाल, रायकोट बताया जा रहा है कि इन सभी जोन को दो दिन के खेल कराने के लिए 25 हजार रुपए संबंधित पंचायत को दी गई है। वहीं ग्राम पंचायत के सचिवों को बात करते सुना गया कि रकम बहुत कम होने के कारण व्यवस्था करने में भारी परेशानी हो रही है उनका कहना है कि 13 पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ियों तथा कर्मचारियों को एक टाइम का खाना दो दिन खिलाना और टेंट,साउंड सिस्टम,और कई व्यवस्था करनी है।

वहीं तोकापाल में एक मात्र ग्राउंड है जो हाईस्कूल के पीछे है जो देखरेख के अभाव में तथा असामाजिक तत्वों के द्वारा फेंके गए कांच के बोतलों से भरा यह ग्राउंड खाली पैर खेलने लायक नहीं है। वहीं कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस ग्राउंड में तत्कालीन मुख्यमंत्री का सभा आयोजन कराया गया था और बारिश के कारण यह मैदान पूरी तरह खराब हो गया था और इस मैदान को दुरुस्त करने के लिए परपा पंचायत मनरेगा के तहत 5 लाख रुपयों का खर्च दिखाकर ट्रैक्टर से 10 ट्रिप मिट्टी डालकर पांच लाख रुपए निकाल लिया गया। जो कि सूचना के अधिकार से जानकारी दी गई।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुर्गूकोंदल को दो मंडल में विभक्त करने हुई चर्चा



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर में आयोजित बैठक में दुर्गूकोंदल भाजपा मंडल को विभाजित कर दो मंडल गठन करने के लिए चर्चा किया गया, जिसमें भानुप्रतापपुर मंडल के कुछ पोलिंग बूथों को दुर्गूकोंदल मंडल व नए प्रस्तावित मण्डल दमकसा मंडल में जोड़ने की चर्चा किया गया। इस विषय को लेकर दुर्गूकोंदल मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी से फोन पर सहमति ली गई। बैठक में जिला महामंत्री बृजेश चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व दुर्गूकोंदल मंडल प्रभारी टीकम टांडिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापपुर नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय ज्वाला प्रसाद जैन व डिगेश खपार्डे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी उपस्थित रहे।

### तारसगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 08 नवम्बर को

**कांकेर।** चारामा विकासखण्ड के क्लस्टर लखनपुरी की ग्राम पंचायत तारसगांव में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार शुक्रवार 08 नवम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।
प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर ग्राम पंचायत तारसगांव में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम लखनपुरी, कानापोड़, खैरखेड़ा, पिपरौद, बांड़ाटोला, अरौद, उड़कुड़ा, तेलगरा, तारसगांव, शाहवाड़ा, मैनपुर, डोड़कावाही, बासनवाही, चिनौरी, गोटीटोला, खरथा और पलेवा के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### जहर खाने से हुई मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत अर्जुनी निवासी 56 वर्षीय प्रितराम निषाद का 6 नवंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था।

---

वारदात : सिर व चेहरे पर चोट का निशान

# खेत लाड़ी में खून से लथपथ मिला ग्रामीण का शव हत्या का दर्ज हुआ मामला, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गूकोंदल थानांतर्गत ग्राम अमोड़ी के कोठार लाड़ी में ग्रामीण का शव मिला। शव को देखने से प्रथम दृष्टाय हत्या की आशंका होने पर पुलिस ने प्रारंभ की जांच हत्या को मानते हुए शुरू किया। मृतक प्रतिदिन की तरह रात को अपने घर में खाना खाकर कोठार लाड़ी में सोने चला गया। मृतक का बेटा सुबह जब खेत की ओर काम करने के लिए गया और लाड़ी में जाकर देखा तो उसके पिता का शव खाट के नीचे जमीन पर खून से लथपत पड़ा हुआ था।

थाना में 6 नवंबर को घटना की जानकारी देने पहुंचे अमोड़ी निवासी प्रभूराम उईके, पंचान राम लाल उईके, निर्मल, बल्लीराम मंडावी व कृष्णा ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतक सन्नू राम उईके कोठार लाड़ी में रहता था और कोठार लाड़ी में सोता था। प्रतिदिन की तरह 5 नवंबर की शाम 7 बजे घर में खाना खाकर वापिस कोठार लाड़ी कि ओर रात करीबन साढ़े 7 बजें सोने के लिए चला गया था। अगले दिन 6 नवंबर को सुबह करीबन साढ़े 7 बजे भारा बांधने के लिए अपने कोठार लाड़ी खेत गया था। मेरे पीछे छोटा भाई रामलाल उईके आ रहा था। कोठार लाड़ी पहुंचकर छिंद का डाला को पकड़कर कोठार लाड़ी के पास के खेत में भारा बांधने के लिए गया। छिंद डाला को खेत में रखकर कोठार लाड़ी में गया, तो देखा मेरे पिता खाट के नीचे जमीन पर मृत अवस्था खून से लथपथ पड़ा था। उसके मुंह से सफेद झाग निकला था। उसके सिर व चेहरे में गहरे चोट का निशान दिख रहा था और खून लगा था। जमीन व खाट के कथरी में भी खून लगा हुआ था। देखने के बाद मै जोर - जोर से अपने भाई को चिल्लाया कि पिता को किसी ने मार दिया है। दोनों भाई अपने घर जाकर माँ व अपने परिवार वालो घटना के बारे में जानकारी दिया। गांव वालों और मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी दुर्गूकोंदल पुलिस को दिया।



**हत्या की आशंका**

*थाना प्रभारी योगेश सोनी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँचकर शव को देखकर हत्या की आशंका पर उसकी जाँच किया और शव को पीएम के लिए भेजा गया। शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों और घटना के कारणों के पतासाजी में जुट गई है और आरोपी जल्द ही पुलिस के पकड़ में आ जाएंगे।*

---

## बाजार से घर जा रही महिला को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर किया एक्सीडेंट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




भानुप्रतापपुर में अज्ञात वाहन ने बाजार गई महिला को पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे महिला घायल हो गई। राहगीरों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया, परंतु चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया। थाना में शिकायत करने पहुँचे सलिहापारा भानुप्रतापपुर निवासी 44 वर्षीय चन्द्रशेखर नेताम पिता स्व.भागीरथी नेताम ने बताया कि मेरी माँ 1 नवंबर को बाजार गई थी। बाजार से आवश्यक समान खरीद कर वापिस आ रही थी, मस्जिद के पास 1 नवंबर को सायं करीबन 6 बजे भानुप्रतापपुर चौक तरफ से आ रही अज्ञात मोटर सायकल चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरी मां अनसुईया बाई नेताम पति स्व. भागीरथी नेताम को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे राहगीरों द्वारा मेरी मां को इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर भर्ती कराया गया। मुझे मेरे दोस्त ने फोन करके बताया कि व्हाटसएप देख कहने पर देखा तो मेरी मां अस्पताल मे भर्ती थी, तब मुझे मालूम हुआ और जाकर देखा तो मेरी मां बहोश हालत मे पड़ी थी, जिसे डाक्टर द्वारा रिफर करने पर हायर सेंटर इलाज के लिए ले गया। मेरी मां के सिर, हाथ और पैर मे गंभीर चोट लगी थी। इलाजरत होने के कारण मैं उसी दिन रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आ सका। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (अ), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

## युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए लगते हैं शिविर, सीखने का मिलता है मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- चबेला में स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस की ईकाई की स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर के शुभारंभ पर अतिथियों ने कहा कि इन शिविरों से युवाओं के व्यक्तित्व का विकास होता है, उसके अलावा उनको कई सीख भी मिलती है।

भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम चबेला में आयोजित सात दिवसीया शिविर का शुभारंभ 6 नवंबर को चबेला के पटेल, गायता, उपसरपंच एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्राम पटेल जगजीत नागेश ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि वह भी अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रह चुके हैं और उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील किया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए, वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। कार्यक्रम अधिकारी नंदिनी ध्रुव ने कहा कि सात दिवसीय शिविर में बहुत मेहनत के बाद स्वयंसेवक शामिल होते हैं। आप सभी को इस शिविर के माध्यम से अपने जीवन मे सफलता पाने में सहयोग मिलेगा। उपसरपंच धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आपको सभी के साथ तालमेल बैठाकर काम करना है। कार्यक्रम को ग्राम गायता, सियान और प्रधान पाठक जीतू साहू ने भी संबोधित किया। मंच संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव ने किया। जिला संगठक भागीरथी नायक द्वारा शिविर का प्रथम दिवस का निरीक्षण कर शिविरार्थियों को दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर नारद यादव, चरण मरकाम ग्राम गायता, जीतू साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला चावेला, नरेन्द्र कुमार राणा, रमिता नरेटी, चंद्रकला दामले, एकांत साहू, भीमचंद कोठेवार, राजकुमार बढ़ई सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।



---

## दिनदहाड़े सूने घर में घुसकर चोरी करने वाले को मालिक ने भागते देखा, चोर पर दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




चारामा थानांतर्गत ग्राम बाबुकोहका में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर चोरी के मामले में पुलिस ने सुरज देवांगन एवं उसका एक अन्य साथी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि घर के दरवाजा का ताला तोड़कर घर अंदर घुसकर आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोना चांदी का जेवर कुल 82 हजार 804 रुपए की चोरी किया है।

चोरी की शिकायत लेकर थाना पहुंची बाबुकोहका निवासी 41 वर्षीय ममता जुर्री पति अवधराम जुर्री ने पुलिस को बताया कि 5 नवंबर को मेरी मां प्रतिदिन की तरह अपने ड्यूटी पर चली गई थी। मै भी आगंनबाड़ी केन्द्र में सुबह साढ़े 9 बजे ड्यूटी में गई थी। बहन मनीषा उसेण्डी और दामाद गिरधारीलाल उसेण्डी चारामा अस्पताल ईलाज कराने के लिए गए थे। घर में कोई नही था, ताला लगा था। बहन मनीषा उसेण्डी चारामा अस्पताल से इलाज कराकर दामाद के साथ घर वापिस आई तो देखी कि हमारे घर का सामने के दरवाजा खुला था, तो वह मुझे लगभग 1 बजे मोबाइल फोन से कॉल करके बताया की हमारे घर मे कोई चोर घुसा है। घर का सामने का दरवाजा खुला है, तब मै आगंनबाड़ी केन्द्र से तुरंत घर पहुंची तो देखी की ग्राम दरगहन का सूरज देवांगन मेरे घर में चोरी करने घुसा था, जो मुझे तथा मेरे बहन एवं दामाद गिरधारी लाल को देखकर घर से अपने एक हाथ में एक छोटा सबल एवं दूसरे हाथ में एक थैला लेकर हमारे घर अंदर से निकलकर भागने लगा। उसका एक अन्य साथी रोड में कुछ दूर पर मोटर सायकल लेकर खड़ा था।

अपने साथी के मोटर सायकल में पीछे बैठकर दोनो भाग गए। मैं तथा मेरी छोटी बहन मनीषा उसेण्डी घर अंदर जाकर देखे तो मेरे कमरा में रखा आलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था। आलमारी का लॉकर खुला हुआ था। मेरे आलमारी में रखा 5 हजार रुपए, कान का सोने का एक जोड़ी टाप्स कीमत लगभग 12 हजार रुपए, एक जोड़ी सुई धागा टाप्स कीमत 10 हजार 650 रुपए, सोने का फुल्ली तीन नग कीमत 3 हजार 400 रुपए, सोना का मंगलसूत्र लाकेट एवं गुरिया 6 नग वजनी लगभग 1 तोला कीमत लगभग 30 हजार रूपएं, चांदी का पायल कीमत 16 हजार 254 रूपएं, चांदी का दो जोड़ी पायल छोटी-बड़ी कीमत लगभग 5 हजार रुपए, बिछिया दो जोड़ी कीमत लगभग 500 रुपए कुल 82 हजार 804 रुपए को दरगहन निवासी सुरज देंवागन एवं उसका एक अन्य साथी चोरी कर ले गया है।

चारामा पुलिस ने शिकायत पर नामजद चोर के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

### ट्रेन से कटने पर ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नायापारा निवासी 56 वर्षीय भुवन धनेलिया का ट्रेन की चपेट में आने से 6 नवंबर को मौत हो गया। अंतागढ़ निवासी 26 वर्षीय भूपेंद्र कुमार धनेलिया ने पुलिस को बताया कि मृतक ग्राम खसगांव रेलवे पटरी के पास ट्रेन में कट जाने से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

---

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लग रही विशेष कक्षाएं, हो रही तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने जिले में विगत कुछ वर्षों से हमर लक्ष्य अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा बेहतर प्रयास किया जाता है और बच्चे कई प्रतियोगी परीक्षा में सफल भी हो रहे है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के व्याख्याता, शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा शिक्षा को गुणवत्तापूर्वक बनाने के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, स्कूल में प्रेरणादायी वातावरण निर्मित करने तथा छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने अनुरोध कार्यक्रम, स्कूलों में उपचारात्मक एवं अतिरिक्त क्लास लगाने जैसे गतिविधियों को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, जिला मिशन समन्वयक रवि मिश्रा, दिनेश नाग,पंकज श्रीवास्तव, एसपी कोसरे खंड शिक्षा अधिकारी, अंजनी मण्डावी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों अभिभावकों व आमजनों के बीच सकारात्मक वातावरण निर्माण करने अथक प्रयास कर रहे हैं। शासकीय उमावि दमकसा में कुमुद ध्रुव के मार्गदर्शन में विज्ञान एवं वाणिज्य, कोंडे में बाबूलाल कोमरे के मार्गदर्शन में विज्ञान एवं गणित की कक्षाएं, आमागढ़ में रघुनाथ सिंह साहू के मार्गदर्शन में अंग्रेजी, गणित,विज्ञान की कक्षाएं, मेडो में हेमंत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अंग्रेजी की कक्षाएं, सेजेस कोडेकुर्से में भौतिकी का सुरेन्द्र साहू, कन्या आश्रम दुर्गुकोंदल में नवोदय की कक्षा सावित्री ठाकुर, प्राथमिक शाला तुमरीटोला में नवोदय की तैयारी, प्राथमिक शाला बांगाचार में नवोदय की कक्षा महेंद्र बघेल, माध्यमिक शाला साधुमिचगाव राष्ट्रीय प्रतिभा खोज व प्राथमिक शाला में एफएलएन की तैयारी, पालहर में संकुल स्तरीय नवोदय की कक्षा, खूटगांव में मंजू कोमरे द्वारा नवोदय की कक्षा लोहत्तर भौतिक सोनिया कोवाची, हिंदी में एसएस नेगी,चिखली में अतिरिक्त एनएमएमएसई और नवोदय की कक्षाएं संचालित हो रही है। कक्षाओं में नेट कनेक्टिविटी जहां पर है, वहां पर सीधे जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर शिक्षको व विद्यार्थियों से वार्तालाप कर रहे हैं। उनसे विषय आधारित प्रश्न व अतिरिक्त कक्षा में उपस्थित होकर शिक्षा के प्रति इस रुचि पर धन्यवाद देते हुए लक्ष्य निर्धारण करने व प्रतिदिन अध्ययन करने की सलाह दिए। साथ ही साथ इस कार्य के लिए शिक्षकों को और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दिए।

---

## संकुल स्तरीय तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ गुमडीडीही में हुआ



**दुर्गूकोदल।** संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रीडा प्रतियोगिता का तीन दिवसीयस आयोजन विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम गुमड़ीडीही में 7 नवंबर को किया गया। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ में मुख्य अतिथि झंडा फहराकर पूजा अर्चना द्वारा उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि व विशेष अतिथियों ने खेलो के सफल संचालन के लिए खेल शपथ दिलवाया। 100 मीटर दौड़ द्वारा खेल की शुरुआत की गई और खो-खो कबड्डी का मैच बालक बालिका स्तर पर कराया गया। प्रतियोगिता प्राथमिक और मिडिल स्कूल के बालक- बालिका खिलाड़ियों के संख्या 300 रही। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 100, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेक, वॉलीबाल, खो खो कबड्डी एवं अन्य विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम गायता फग्गूराम पूड़ो एवं विशेष अतिथि ग्राम पटेल प्रभु राम पटेल, सरपंच कीर्ति राणा जनपद सदस्य प्रतिनिधि दरसुराम आंचला, सोनूराम पुड़ो ग्राम पटेल पुड़ोमिचगांव, प्रेम पुड़ो,धनसाय हुररा, छबीलाल जैन,सुखलाल कोरेटी युवा सदस्य, विनोद कोमरा, संतोष ध्रुव, दुकाल सिंह पुड़ो, जनकबाई जैन वार्ड मंच, गेसवरी जैन वार्ड पंच, प्रभुराम गोटा वार्डपंच, शनिराम जुर्री वार्ड पंच, रमेश कोडोपी वनोपज प्रबंधक, मनसा राम वट्टी गणमान्य नागरिक, कैलाश राणा युवा मितान क्लब अमर जाड़े आदिवासी युवा समाज कार्यकर्ता एवं संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे संकुल स्कूल स्टाफ शिक्षक संकुल स्तर के प्रभारी शिक्षा प्राचार्य एचएम एवं समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

---

## मुख्य सचिव ने वर्चुअल बैठक में जिले में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चुनिंदा जिलों की समीक्षा बैठक लिया। बैठक के दौरान कई विषयों पर चर्चा किया गया।

आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने आवारा पशुओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा किया। समीक्षा के दौरान आवारा पशुओं की संख्या, रेडियम पट्टियों का इस्तेमाल, पशु मालिकों को दी गई समझाइश, नोडल अधिकारियों के नाम और संपर्क जानकारी, कांजी हाउस और गौशालाओं की संख्या, काउ कैचर की उपलब्धता, अर्थदंड की राशि और मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयास के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एडीएम ने जिले में किए गए क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पशुपालकों को जागरूक करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। नगरपालिका क्षेत्र में काउ कैचर उपलब्ध है, जिससे आवारा पशुओं को कांजी हाउस तक पहुंचाया जा रहा है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हॉटस्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट्स स्थानों की पहचान कर उचित उपाय किए जा रहे हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम कांकेर अशोक मार्बल और पशु चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशि:-स्लीपर -16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411